# मोहयाल मित्र

■ *संपादकीय*

## नया वर्ष नए संकल्प

■ अशोक लव

जीवन सागर की लहरें नए क्षितिज का स्पर्श करने पहुँची हैं। इस पावन वेला में आप सबको शुभकामनाएँ, मंगल कामनाएँ!

*ॐ सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः।*
*सर्वे भद्राणि पश्यंतु, मा कश्चित् दुःख भाग्भवेत्।।*

—सभी सुखी हों, सभी रोगमुक्त रहें, सभी मंगलमय घटनाओं के साक्षी बनें, किसी को भी दुःख का भागी न बनना पड़े।

नया वर्ष प्रत्येक व्यक्ति और समाज के लिए नए सपने और नई आशाएँ लेकर आता है। संस्थाओं के लिए नए विचार और नई नीतियाँ—योजनाएँ लेकर आता है। इसके साथ—साथ बीते वर्ष का मूल्यांकन करने का अवसर भी आता है। 'जनरल मोहयाल सभा' ने गत वर्ष 'मोहयाल जनगणना अभियान' आरंभ किया है। यह अभियान गत तीन दशकों में अनेक बार आरंभ किया गया। इस बार इसे गंभीरतापूर्वक आरंभ किया गया है। हम मोहयाल भारतीय परिवेश में बहुत कम संख्या में है। अनुमान लगाया जाता है कि देश—विदेश में लगभग दस लाख मोहयाल हैं। जी.एम.एस. इसे वास्तविकता देना चाहती है। इसके लिए 'मोहयाल मित्र' (अक्तूबर 2017) में फ़ॉर्म प्रकाशित किया गया है। जी.एम.एस. की मासिक बैठकों में इस पर विस्तृत चर्चाएँ हुई हैं। 'स्थानीय मोहयाल सभाओं' से बार—बार इन्हें भरकर भेजने का अनुरोध किया गया है। आशा है न केवल मोहयाल सभाएँ बल्कि जहाँ—जहाँ मोहयाल हैं वे स्वयं इसे भरकर 'जी.एम.एस.' या 'स्थानीय मोहयाल सभा' को दे दें।

वर्ष 2018 में मोहयालों की जनगणना का कार्य पूरा हो जाएगा तो यह ऐतिहासिक कार्य होगा। यह फ़ार्म जनरल मोहयाल सभा की वेब साइट www.mohyalonline.com पर उपलब्ध है। इसे डाउनलोड किया जा सकता है।

आशा है नए वर्ष की कार्य—सूची में प्रत्येक मोहयाल इसे प्राथमिकता देंगे। आप अपने परिचित मोहयालों और



सगे—संबंधियों को इस विषय में जानकारी दें और इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग करें।

'जनरल मोहयाल सभा' शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्येक मोहयाल के लिए कार्य करना चाहती है। वर्तमान में जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। 'जनरल मोहयाल सभा' ने 'एडॉप्ट ए चाइल्ड' (Adopt a Child) योजना आरंभ की थी। इसके लिए किसी ज़रूरतमंद मोहयाल बच्चे की पढ़ाई का पूरा खर्च 'जनरल मोहयाल सभा' द्वारा वहन किया जाएगा। इसके लिए 'स्थानीय मोहयाल सभाएँ' सक्रिय भूमिका निभा सकती हैं।

नए वर्ष में युवा मोहयाल 'जनरल मोहयाल सभा' के साथ जुड़कर अपने विचारों से मोहयाल—समाज को अपना योगदान दे सकते हैं। 'प्रतिभाशाली मोहयाल विद्यार्थी सम्मान' के अवसर पर युवाओं द्वारा अभिव्यक्त विचार जानकर सुखद लगा था। जी.एम.एस. के अध्यक्ष रायज़ादा बी.डी. बाली ने युवाओं को सक्रिय भाग लेने का आह्वान भी किया था।

सन् 1891 को स्थापित हमारी संस्था देश की प्राचीनतम सक्रिय संस्थाओं में से एक है। आइए नए वर्ष में हम इसे सशक्त रूप से नया रूप दें। इसकी नीतियों को प्रत्येक मोहयाल तक पहुँचाएँ।

'जनरल मोहयाल सभा' के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी, प्रबंधक—समिति के सदस्यों और 'मोहयाल मित्र' के संपादक—मंडल की ओर से समस्त मोहयालों को हार्दिक शुभकामनाएँ!

जय मोहयाल!



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

# स्थानीय मोहयाल सभाओं की गतिविधियाँ

## होशियारपुर

मोहयाल सभा होशियारपुर की मासिक बैठक श्री श्याम सुंदर दत्ता की अध्यक्षता में मोहयाल भवन में हुई प्रधान श्री श्याम सुंदर दत्ता ने बताया कि वे अमेरिका जा रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति में सीनियर वाइस प्रेज़ीडेंट श्री दिनेश दत्ता कार्यभार संभालेंगे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मोहयालों से संपर्क करके सभा को संगठित किया जाए। मासिक बैठक में सर्वश्री विजयंत बाली, मनोज दत्ता, पवन मैहता, अरविंद मैहता, पी.पी. मोहन, बरिंद्र दत्त वैद, शशपिंदर बाली, कुलदीप दत्ता, ओंकार बाली, इंद्रमोहन बाली आदि उपस्थित थे।

***मनोज दत्ता*** *(मो.) 9463766261*

## बराड़ा

मोहयाल सभा बराड़ा की मासिक बैठक 10 दिसंबर 2017 को सरदार हरदीप सिंह वैद (प्रधान) की अध्यक्षता में भाई लक्ष्मणदेव छिब्बर जी के निवास पर हुई। मोहयाल–प्रार्थना और गायत्री–मंत्र पाठ के बाद श्री बलदेव सिंह दत्ता (वित्त सचिव) ने पिछले महीने की कार्यवाही पढ़ी। सबने इस पर सहमति दी। सभा की ओर से नव वर्ष 2018 के लिए सबको शुभकामनाएँ दीं और सबके मंगल की कामना की गई। भाई लक्ष्मनदेव छिब्बर के परिवार का जलपान के लिए धन्यवाद किया गया।

***रविंद्र छिब्बर,*** *सेक्रेटरी (मो.) 9466213488*

## नज़फ़गढ़ (दिल्ली)

मोहयाल सभा नज़फ़गढ़ की मासिक बैठक 3 दिसंबर 2017 को श्री शेरजंग बाली (प्रधान) की अध्यक्षता में श्री हर्ष दत्ता (सचिव) के निवास पर हुई। मोहयाल–प्रार्थना और गायत्री–मंत्र पाठ के बाद श्री हर्ष दत्ता ने पिछले माह की रिपोर्ट पढ़ी। श्री बलदेव राज दत्ता (वित्त सचिव) ने लेखा–जोखा पेश किया सभी उपस्थित 14 भाई–बहनों ने इसका अनुमोदन किया। सदस्यों को बताया गया कि अक्तूबर 2017 के 'मोहयाल मित्र' के अंतिम पृष्ठ पर छपा हुआ 'मोहयाल जनगणना फ़ार्म' भरकर लोकल सभा को दे दें ताकि जी.एम.एस. में जमा कराया जा सके।

अगली मीटिंग 7 जनवरी 2018 को दत्ता प्लाज़ा, 22–ओल्ड रोशनपुरा, नजफगढ़, नई दिल्ली में प्रातः साढ़े दस बजे होगी। सदस्यों ने जलपान के लिए श्री हर्ष दत्ता के परिवार का धन्यवाद किया।

***हर्ष दत्ता,*** *(सचिव) (मो.) 9312174583*

## फरीदाबाद

मोहयाल सभा फरीदाबाद की मासिक बैठक रविवार 3 दिसंबर 2017 को मोहयाल भवन में प्रधान श्री रमेश दत्ता जी की अध्यक्षता में हुई, इसमें 40 मोहयाल भाई–बहन उपस्थित थे। मोहयाल प्रार्थना पढ़ी गई।

**शोकः** श्री राजेश बाली (निवासी सेक्टर 15, फरीदाबाद) का स्वर्गवास 15 नवंबर 2017 को हुआ, श्रीमती आशा दत्ता (निवासी ग्रीन फील्ड, फरीदाबाद, का निधन 25 नवंबर 2017 को हुआ, (श्री के.जी. छिब्बर जी के भाई) श्री हरगुण लाल मेहता का निधन 22 नवम्बर को हुआ। आत्मा की शांति के लिए सभी ने दो मिनट का मौन रखा गया।

सेक्रेटरी जनरल रायज़ादा के.एस. बाली जी ने पिछले माह की रिपोर्ट पढ़कर सुनाई। मीटिंग में पहली बार आए कमांडर आलोक मोहन का सभी ने तालियों के साथ स्वागत किया व आगे भी मीटिंग में आते रहने का अनुरोध किया।

कमांडर आलोक मोहन जी ने अपना परिचय देते हुए कहा कि अगर किसी बच्चे को किसी प्रकार की काउन्सलिंग की आवश्यकता है तो वे अपनी सेवा देने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। श्री रमेश दत्ता जी ने उनके प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि सभा भी छात्रों के लिए काउन्सलिंग का आयोजन कर सकती हैं व अभिभावक या स्वयं छात्र इस सम्बंध में सभा से सम्पर्क कर सकते हैं।

सदस्यों ने वृंदावन व मथुरा का एक दिवसीय टूर का प्रस्ताव रखा, जिसे स्वीकार किया गया, श्री रमेश दत्ता जी ने कहा कि जो भी भाई–बहन जाना चाहते हैं वे अगली मीटिंग में श्री नागेन्द्र दत्ता जी को अपना नाम लिखवा दें तारीख भी जल्दी तय कर दी जाएगी।

इस अवसर पर श्रीमती मनु वैद ने एक भजन प्रस्तुत किया। श्री मिथलेश दत्ता जी ने निम्न राशि एकत्र की– श्री विपिन दत्ता, श्री ओ.पी. दत्ता, श्री के.एल. दत्ता, श्रीमती गायत्री छिब्बर, कमांडर आलोक मोहन ने 500–500 रुपए की सहयोग राशि भेंट की। श्री के.जी. छिब्बर ने अपनी पत्नी स्व. श्रीमती चंद्रकांता छिब्बर की पहली बरसी पर 250 रुपए भेंट किए।

रायज़ादा के.एस. बाली जी ने बताया कि आज के भोजन की व्यवस्था श्रीमती सुमन दत्ता व श्री रमेश दत्ता जी ने अपनी दोहती पलक मोहन सुपुत्री श्रीमती नलिनी व गौतम मोहन, के जन्मदिवस (19 दिसंबर को है) के अवसर पर की है। सभी ने बच्ची को शुभकामनाएँ दीं व भोजन का आनंद लिया।

अगली मीटिंग 7 जनवरी 2018 को होगी

***रमेश दत्ता,*** *प्रधान*
*मो. 9212557095*

***रायज़ादा के.एस. बाली,*** *महासचिव*
*मो. 9899068573*


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## यमुनापार (दिल्ली)

मोहयाल सभा यमुनापार की मासिक बैठक 'मोहयाल भवन' (झील कुरेंजा) में प्रधान श्री सतीश बाली जी की अध्यक्षता में हुई। 18 सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया। सेक्रेटरी ने पिछले माह के मिनट्स पढ़कर सुनाए जिस पर सभी ने एकमत से सहमति जताई। श्री आर.के. मोहन (नवीन शाहदरा) काफी समय बाद सभा की बैठक में शामिल हुए। सभी ने उनका स्वागत किया। सेक्रेटरी ने सभी सदस्यों को सूचित किया कि श्री आर.के. मोहन और श्री रमेश दत्ता जी (फरीदाबाद) ने सभा को ग्यारह–ग्यारह हज़ार रुपए मेला–फंड में दान स्वरूप दिए हैं। कार्यकारिणी उनका धन्यवाद करती है। मिलन–फंड में दानकर्ताओं की विस्तृत जानकारी '21 जनवरी मोहयाल मिलन' के बाद प्रकाशित की जाएगी।

डॉ. वी.एस. लौ जी, विनोद बाली जी, मेहता इन्दर मोहन जी, संजीव बाली, सतीश बाली जी, तथा श्री दलीप सिंह दत्ता जी विधवा फंड (आर्थिक रूप से कमज़ोर महिला फंड) में दानकर्त्ता रहे हैं।

मोहयाल सभा यमुनापार 21 जनवरी 2018 को कम्युनिटी हॉल, 10 ब्लाक, गीता कॉलोनी में 'मोहयाल–मिलन' का आयोजन करने जा रही है। आपसे अनुरोध है कि आप हर्ष उल्लास से इस सामाजिक–पर्व में भागीदार बनें। 21 जनवरी को ही सोविनियर प्रकाशित किया जाएगा। आपसे अनुरोध है आप अपने लेख–विज्ञापन 25 दिसंबर तक 7678262318 अथवा E-mail: msyamunapar@gmail.com पर अवश्य भेज दें। चाय–पान के उपरान्त प्रधान जी ने सभी का धन्यवाद किया।

***संजीव बाली (बंटी),*** *सचिव)*
*(मो.) 9811758418, 7678262318*

## जगाधरी वर्कशॉप

मोहयाल सभा जगाधरी वर्कशॉप की मासिक बैठक 3 दिसंबर 2017 को श्री अशोक बाली के घर (मॉडल कॉलोनी) में सीनियर उपाध्यक्ष नरेश मेहता की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम मोहयाल प्रार्थना पढ़ी गई। बैठक में आए हुए सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे। जगाधरी वर्कशॉप सभा की ओर से एक प्रस्ताव पास करने के लिए कहा गया जिसमें जितने भी मोहयाल परिवार हमारे आस–पास रहते हैं उनके घर–घर जाकर उनके बच्चों का बायोडाटा इकट्ठा किया जाए कि कितने बेरोजगार हैं और कितने ऐसे हैं जिनकी शादी होनी है। उनके बारे में विचार विमर्श किया जाए और इनका कोई रास्ता निकाला जाए।

अगली मीटिंग बारात घर आई.टी.आई. में होगी। अंत में जलपान के लिए श्री अशोक बाली जी का धन्यवाद किया गया। ***सुरेंद्र मेहता छिब्बर,*** *महासचिव (मो.) 9355310880*

## महिला मोहयाल सभा देहरादून

महिला मोहयाल सभा की मासिक बैठक 10.12.2017 को प्रधान श्रीमती सविता मेहता जी की अध्यक्षता में श्रीमती आरती दत्ता जी के निवास स्थान पर हुई। प्रार्थना और गायत्री मंत्र के साथ सभा की शुरुआत हुई। कुछ जरूरी विषय पर बातचीत हुई कि सभा को और कैसे मजबूत बनाया जाए। फिर अंत में सभी ने स्वादिष्ट जलपान का आनंद लिया और श्रीमती आरती दत्ता जी को धन्यवाद किया।

***अर्चना दत्ता,*** *सचिव (मो.) 8755398813*

## नारायणगढ़

मोहयाल सभा नारायणगढ़ की बैठक 17 दिसंबर 2017 को श्री देवेंद्र बक्शी के घर पर होनी थी। परन्तु मौसम खराब होने के कारण व अधिक ठंड के कारण सभी सदस्यों ने आने में असमर्थता जताई। जिससे आज गाँव पंजलासा (नारायणगढ़) में श्री नारायण कृष्णा बाली के घर पर प्रधान और जनरल सेक्रेटरी व सभा के सदस्य श्री उपेंद्र सिंह दत्ता और श्री कवीन्द्र दत्ता तथा अन्य 12 सदस्य एकत्र थे, जिसमें यह निर्णय लिया गया तथा फोन पर सभी सदस्यों को सूचित कर दिया गया कि अगली मीटिंग मार्च में की जाएगी। मार्च में सभा का कार्यकाल भी पूरा हो रहा है। यह निर्णय लिया गया कि मार्च में सभा के चुनाव भी करवा लिए जाएँ। जो भी सदस्य प्रधान, जनरल सेक्रेटरी और कैशियर बनना चाहते हैं वे सभा के सदस्यों को सूचित कर दें।

चुनाव सर्वसम्मति से किए जाएँगे।

***टी.के. बाली,*** *प्रधान* — *मो. 08221962213*
***सुमन कुमार दत्ता,*** *महासचिव* — *मो. 9896126311*

## स्त्री मोहयाल सभा यमुनानगर

मोहयाल मीटिंग श्रीमती सुरक्षा मेहता के निवास स्थान पर हुई। मीटिंग की अध्यक्षता श्रीमती कमला दत्ता जी ने की। मीटिंग में सभी बहनों ने भाग लिया।

सभा में सभी बहनों ने रायज़ादा श्री बी.डी. बाली जी और मैनेजिंग कमेटी सभी मोहयाल भाई–बहनों और बच्चों को नववर्ष की शुभकामनाएँ।

श्रीमती संगीता दत्ता, श्रीमती प्रेम दत्ता, श्रीमती बाला मेहता, श्रीमती विजयलक्ष्मी ने अपने विचार रखे।

शान्ति पाठ के साथ सभा संपन्न हुई।

***श्रीमती प्रवीण बाली,*** *271–एल, मॉडल टाउन, यमुनानगर*
*(फोन) 01732–226799*



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## मॉडर्न मोहयाल हिस्ट्री

'जनरल मोहयाल सभा' द्वारा शीध्र प्रकाशित होने वाली 'मॉडर्न मोहयाल हिस्ट्री' के लिए ऐतिहासिक फ़ोटोग्राफ़, विशिष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाले मोहयालों संबंधी जानकारियाँ, जल–थल–वायु सेना में कार्यरत सम्मानित मोहयाल सैनिकों– आफ़ीसर्ज़ संबंधी जानकारियाँ, प्रसिद्ध शिक्षाविद् चिकित्सक, उद्योगपति, कलाकार, साहित्यकार, उच्च पदाधिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, संत–महात्मा आदि से संबंधित जानकारियाँ मोहयालों जठेरे, मोहयाल रीति–रिवाज आदि सूचनाएँ/जानकारियाँ तत्काल इंगलिश/हिंदी में भेजें।


–सेक्रेटरी जनरल, जनरल मोहयाल सभा, ए–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, यू.एस.ओ. रोड, जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110067

फ़ोन– 011–41783232, 011–26560456
E-mail: gmsoffice2003@gmail.com

## बहुत बहुत बधाई !

### मुंडन सरेमनी

कहते हैं असल से सूद प्यारा होता है ठीक उसी तरह बेटे की खुशी से पिता का सीना चौड़ा हो जाता है पर बेटे के बेटे की



खुशी में दादा जी की उम्र और कम हो जाती है दादा को लगता है कि उनके पोते के रूप में उनका बचपन दुबारा लौट आया है। जो उन्होंने खोया वो अपने पोते की आयी खुशियों में जी लिया। यही खुशियाँ **दिवांश छिब्बर** के मुंडन सरेमनी पर देखने को मिली जहाँ सभी ने अपनी खुशी इस समारोह में शामिल होकर दिखाई जो 14 अप्रैल 2017 को बहुत धूम धाम से कीर्तिनगर में मनायी गयी। जहाँ दादा जी श्री ओम प्रकाश छिब्बर, माता–पिता विपिन छिब्बर–श्रीमती नीलिया छिब्बर, बुआ, फूफाजी –श्रीमती सुधा सेठी –श्री संजीव सेठी और श्रीमती सुजाता बाली–रविकांत बाली व अन्य मित्रों व सम्बन्धियों ने आकर अपनी खुशी दिखाई। इस अवसर पर दिवांश के दादाजी ने 250 रुपए मोहयाल सभा के शिक्षा फंड में दान दिए।–विपिन छिब्बर (मो. 9953626260)

### जन्मदिन

*"तुम जियो हजारों साल, साल के दिन हो पचास हजार"*

यह दिन जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन है जो इस धरा पर जीवन जीने की शुरूआत करने की आधार–शिला है जिंदगी



की शुरूआत ही नहीं होती बल्कि नए रिश्तों का जन्म होता है, जिसमें दादा–दादी, माता–पिता, भाई–बहन, बुआ इत्यादि नाम जुड़ते जाते हैं। यह दिन अपने और अपनों के जीवन में रौनक ले आता हैं। चारों ओर से ढेर सारी खुशियाँ और आर्शीवाद की वर्षा होती है। यही खुशी देखने को मिली **दिवांश छिब्बर** के जन्मदिन पर जो 3 दिसंबर 2017 को बहुत धूम–धाम से मनाया गया।

दादा जी श्री ओम प्रकाश छिब्बर, माता–पिता विपिन छिब्बर–श्रीमती नीलिया छिब्बर, बुआ, फुफड़ –श्रीमती सुधा सेठी –श्री संजीव सेठी और श्रीमती सुजाता बाली–रविकांत बाली व अन्य परिवारिक सदस्यों ने आकर अपना प्यार और अशीर्वाद दिया। दिवांश छिब्बर के दादाजी ने इस मनोरम अवसर पर 250 रुपए मोहयाल सभा के हरिद्वार लंगर फंड में दान दिए। *–विपिन छिब्बर (मो. 9953626260)*

## कविताएँ

### बचपन की मधुर यादें

जबसे घर का आँगन छोटा हो गया है
बचपन उससे दूर हो गया है।

भोलापन अब छिप गया ऐसे
छिपता है चाँद गगन में जैसे।

उसके पीछे दौड़ लगाई काफी
उसको वापिस लाने की
पर अफसोस गया वक्त कहाँ आता है फिर से।

बचपन की वो हुल्लड़ मस्ती
दिन भी अपना, शाम भी अपनी।

अब वो हर पल जाने कैसे, उड़ता है यूँ पंख लगा के
जैसे उड़ता है कोई पंछी।

इस उन्मुक्त गगन में ऐसी एक खानी देखूँ
जिसकी कोई कहानी बना दूँ।

***प्रोफ़ेसर वी.के. दत्ता,*** *159–लाजपत नगर, जालंधर शहर*


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## अभिलाषा

बीती रात गया अँधियारा
आया नया सवेरा
आशाओं के दीप जला कर
हम स्वागत करें तुम्हारा।

दुःस्वपन और कटुवचन
भूल जाएँ ना याद रहें
खुशियाँ मिलें अपार सभी को
हर घर में रहे सदा उजियारा।

हो ना अब कोई 'दाना मांझी'
भूखा रहे ना कोई बेचारा
निर्भय होकर जिये अब नारी
रहे ना कोई भ्रूण हत्यारा।

जातिवाद का भेद मिटाकर
समता की बहे निर्मल धारा
प्रगति पथ पर बढते रहें हम
ऐसा हो मेरा भारत प्यारा।

***राजेश बाली,*** *सी–2/1100, पालम विहार, गुड़गाँव*
*मो. 9968656991*

## खेल भावना (लंदन एथलेटिक्स)

अलख जगाता उम्मीदों का वातावरण आल्हाद से भरा,
होड़ में आगे बढ़ने की में बच्चों का मन जोश से भरा।

अच्छा करने में अच्छे से गले मिल रहे लोग परस्पर,
ऊँचाई का लक्ष्य साधता चतुर खिलाड़ी पोल–वॉल्ट का।

सौ मीटर की दौड़ में चीन सबसे पीछे था,
स्थान तीसरा लेकर बोल्ट ने खेलों से अलविदा लिया।

लम्बी कूद में नौ मीटर छूने की कोशिश जारी है,
नब्बे मीटर तक जा पहुँचा डिस्कस–थ्रो का श्रेष्ठ प्रयास था।

अथक परिश्रम अनुशासन व कड़ी परीक्षा धीरज की,
खेलों से अवगत होना है बड़ा जरूरी बच्चों का।

अन्त में कह दूँ बात पते की भले हो गयी हो देरी,
खेल नहीं पाया था लेकिन खेलों में है रुचि मेरी।

***पूरनचंद बाली,*** *सी–1606, ओबेराय स्पलैण्डर जे.वी.एल. रोड, जोगेश्वरी (पूर्व) मुम्बई–400060*
*फोनः 42954385*

# दिवंगतों को श्रद्धांजलियाँ

## श्रीमती सुशीला दत्ता की पहली पुण्य-तिथि

श्रीमती सुशीला दत्ता (पत्नी स्वर्गीय श्री नन्दकिशोर दत्ता) की पहली पुण्य–तिथि पर परिवार की तरफ से श्रद्धा सुमन भेंट करती हूँ। 29 जनवरी 2017 को हमारी मम्मी जी हमें छोड़कर इस दुनिया चली गईं। मम्मी जी समय काटना तो और भी कठिन हो गया है क्योंकि अभी तीन महीने भी नहीं हुए थे आपने अपने बेटे को भी पास बुला लिया। मेरी जिंदगी में भी अधूरापन भर गया है। इस जिंदगी को जीना नहीं, काटना कहते हैं। जब तक साँस है। आप होतीं तो कुछ हौसला देतीं अब कोई नहीं है दुःख सुनने वाला।

किसी ने खूब लिखा है–

*इक दिल से उठी आँख नम हो गई,*
*अब गंगा की एक मौज कम हो गई।*

5 दिसंबर को मम्मी जी की पहली बरसी उनके पोते विपिन ने घर में हवन करवा कर पंडित जी को दान–दक्षिणा देकर व कुछ गरीबों को खाला खिलाकर संपूर्ण की।

भगवान उनकी आत्मा को शान्ति दें!

*आपकी बहू–**सुनीती दत्ता** (मो.) 9313484396*

## स्वर्गीय श्रीमती विद्या देवी दत्ता

श्रीमती विद्या देवी दत्ता पत्नी स्वर्गीय श्री रघुनाथ दत्ता जी का 25 जनवरी 2012 को भारत नगर, दिल्ली में देहांत हो गया था। उनकी माता स्व. पार्वती देवी वैद और पिता स्व. देवी दत्तामल वैद डन्ना–कचीली, जिला मुजफ्फराबाद, कश्मीर के प्रमुख जमींदार थे। श्रीमती विद्या देवी अपने तीन भाइयों की इकलौती और बड़ी बहन थी। वह बड़ी मृदुभाषी, मिलनसार, धर्म–कर्म को मानने वाली पक्की सनातनी तथा बिरादरी व समाज में बड़ी प्रतिष्ठित और लोकप्रिय थीं। दानी, अत्यन्त परोपकारी, हर तरह की सहायता में हमेशा तत्पर। उन्होंने अपने रिश्ते के कई भाइयों, बहनों, रिश्तेदारों की शादी अपने खर्च पर कराई।



इनके पति स्व. श्री रघुनाथ दत्ता (हमारे पूज्य पिताजी का देहान्त 25 जून 1988 को हो गया था) हिल, तहसील बाग, जिला पुंछ को जाने–माने विद्वान, जमींदार, व्यवसायी स्व.



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

मेहता गोकुल चंद के बड़े पुत्र थे। मेहता गोकुल चंद को पुंछ के राजा के दरबार में गद्दी हासिल थी और बिरादरी में इन्हें आज भी बड़े आदर के साथ याद किया जाता है।

स्व. विद्या देवी व स्व. रघुनाथ दत्ता अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इनके तीन पुत्र व एक पुत्री है। इनके बड़े बेटे श्री ओम प्रकाश दत्ता दूरदर्शन में निदेशक पद से, दूसरे बेटे श्री सुरेश कुमार दत्ता, सहायक निदेशक पद से, तीसरे बेटे श्री राकेश दत्ता पासपोर्ट अधिकारी तथा दामाद श्री पीयूष बाली डिप्टी कमिश्नर (कस्टम) रिटायर हुए हैं। इनकी बेटी श्रीमती विनोद बाली हैं।

श्रीमती विद्या देवी दत्ता ने भरपूर जीवन जिया। वे 82 वर्ष की थी और दोहते–पोते, पड़पोते वाली थी। उनके दूसरे बेटे श्री सुरेश कुमार दत्ता ने अपनी माता जी की याद में मोहयाल आश्रम हरिद्वार लंगर फंड के लिए 11000 रुपए दान दिए हैं। लंगर तिथिः 25 जनवरी

## श्रीमती निर्मला छिब्बर की पहली पुण्य-तिथि

दिनांक 16.09.2017 को पूजनीय माता जी आपकी प्रथम पुण्य–तिथि थी। एक वर्ष इतनी तीव्रगति से व्यतीत हो गया, पता ही नहीं चला। माँ का मातृत्व सबसे अधिक बच्चों के



नज़दीक होता है। माता जी बहुत की शांत स्वभाव एवं मृदुभाषी थीं। हमेशा परिवार को एक सूत्र में बाँधे रखा। आपकी कमी की पूर्ति संभव नहीं है। आपके सभी पोते–पोतियाँ आपको हमेशा स्मरण करते रहते हैं।

अपना स्नेह एवं आशीर्वाद सदैव परिवार के साथ रहा है और रहेगा। आपके द्वारा गाई गयी ईश्वर–स्तृति हमेशा कानों में गूँजती रहती है।

हार्दिक श्रद्धाजंलि सहित परिवार 1000 रुपए जी.एम.एस. को भेंट किए।

*पुत्रः भाई विद्यासागर छिब्बर, भाई प्रेम सागर छिब्बर, भाई विनोद कुमार छिब्बर, भाई वेदरतन छिब्बर और भाई शिवसागर छिब्बर,*

*मौहल्ला–अर्जुनपुरवा, लखीमपुर खीरी (उ.प्र.), मो. 7499062449*

## MOHYAL ASHRAMS
### HARIDWAR & VRINDAVAN

1. **Rooms can be booked on line, one month in advance.**
   **Haridwar web site: www.mohyalashramharidwar.in**
   **Vrindavan web site: www.mohyalashram.co.in**
2. **Bookings can also be done on telephone and at the counter.**
3. **Rooms can be booked on twin sharing basis for a maximum of 3 days. Checkout time is 12 noon.**
4. **Booking Amount is Rs.300/ per room. The amount will be forfeited if booking is not cancelled at least 48 hrs before booking date. The deposit can be refunded or kept in suspense for two months for future booking if cancellation is done 48 hrs in advance.**
5. **Bulk booking (more than 3 rooms) can be done only after prior approval of GMS.**
6. **Consumption of tobacco, liquor and non-vegetarian food in the premises of the Ashram is strictly prohibited.**
7. **Persons in inebriated condition will be denied entry to the Ashram.**
8. **There is no room service—meals have to be taken in the dinning hall.**
9. **Pets are not allowed in the premises of the Ashram.**
10. **Guests are requested to bring alongwith them their photo identity --same is required for each occupant of a room.**
11. **Guests are requested not to keep the mortal remains (Asthis) of their near and dear ones in their rooms in the Ashram. In order to avoid inconvenience to Guests coming from long distances, four lockers have been installed at Mohyal Ashram Haridwar.**
12. **On line booking facility for rooms in Sewa Sadan, Haridwar is not available. Rooms can be booked for one month, extendable by 15 days depending on availability of accommdation.**
13. **In case of any inconvenience Guests are requested to speak to the Manager of the Ashram / GMS.**
14. **Guests are requested to fill the feedback form before their departure.**


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor